# इश्कनामा के प्यार से भावुक हुई शहनाज

**अभिनेत्री** शहनाज़ गिल के लिए इन दिनों हर वह संदेश खास बन गया है, जिसमें उनकी हालिया फिल्म 'इश्कनामा' और उसमें निभाए गए नसीमा के किरदार की तारीफ की जा रही है. फिल्म की रिलीज के बाद से ही शहनाज़ को दर्शकों की ओर से लगातार सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं.

किसी ने उनके अभिनय की सादगी को सराहा तो किसी ने भावनात्मक दृश्यों में उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति की तारीफ की. दर्शकों से मिल रहे इस प्यार ने शहनाज़ को इतना भावुक कर दिया कि उन्होंने अपने प्रशंसकों के लिए खास संदेश साझा कर दिल से उनका आभार जताया. शहनाज़ ने कहा कि वह अपनी भावनाएं शब्दों में बयां नहीं कर सकतीं.

उन्होंने फिल्म और नसीमा के किरदार को इतना प्यार देने के लिए प्रशंसकों का धन्यवाद किया. अभिनेत्री के मुताबिक, जिस तरह से दर्शकों ने उनके किरदार को अपनाया है, वह उनके लिए बेहद बड़ी बात है. उनका यह संदेश बताता है कि एक कलाकार के लिए पर्दे पर निभाए गए किरदार को दर्शकों से मिलने वाली स्वीकृति कितनी मायने रखती है.




# लीला की एंट्री ने बढ़ाई अनुपमा की मुश्किलें



**स्टार** प्लस के शो 'अनुपमा' में आने वाला एपिसोड रिश्तों, प्रतियोगिता और जीत की जिद के बीच नया तनाव लेकर आने वाला है. प्रतियोगिता जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, दोनों टीमों के बीच मुकाबला और कड़ा होता जा रहा है. इसी बीच माही का अनुपमा की टीम छोड़कर प्रेम के खेमे में शामिल होना कहानी में बड़ा बदलाव लेकर आता है. माही बदला लेने के इरादे से प्रेम का साथ चुनती है, जिससे अनुपमा की टीम को एक झटका लगता है. हालांकि अनुपमा भी स्थिति को संभालते हुए बैंकू को अपनी टीम में शामिल कर लेती है. प्रतियोगिता में उस वक्त बड़ा मोड़ आता है, जब लीला और वसुंधरा की वाइल्ड कार्ड एंट्री होती है. दोनों टीमों के सदस्य शुरुआत में इस एंट्री से काफी खुश नजर आते हैं. उन्हें लगता है कि लीला और वसुंधरा के अनुभव का फायदा उनकी टीम को मिलेगा और जीत की संभावना मजबूत होगी. लेकिन जल्द ही यह खुशी परेशानी में बदलने लगती है.

# एए23 में दिखेगा अल्लू अर्जुन का सबसे अनदेखा लुक

**दक्षिण** भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन जब भी पर्दे पर किसी नए किरदार के साथ आते हैं, दर्शकों की नजर सबसे पहले उनके अंदाज और लुक पर टिक जाती है. 'पुष्पा' में उनके अलग अवतार ने देशभर में तहलका मचा दिया था और अब अभिनेता एक बार फिर ऐसा रूप धारण करने की तैयारी में हैं, जिसे उनके प्रशंसकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा. निर्देशक लोकेश कनगराज की आगामी फिल्म एए23 में अल्लू अर्जुन के लुक को लेकर लगातार चर्चा बनी हुई है. सूत्रों के अनुसार, फिल्म में अभिनेता का लुक पूरी तरह नया और उनके पिछले किरदारों से बिल्कुल अलग होगा. इस खास लुक को तैयार करने के लिए अल्लू अर्जुन और लोकेश कनगराज ने लंबे समय तक रिसर्च की है. दोनों की कोशिश रही है कि किरदार की पहचान सिर्फ अभिनय तक सीमित न रहे, बल्कि उसका लुक भी दर्शकों के दिमाग में लंबे समय तक याद रहे. इसके लिए कई तरह के प्रयोग किए गए और किरदार की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग लुक पर विचार किया गया. सूत्र के मुताबिक, फिल्म में अल्लू अर्जुन का यह नया अवतार दर्शकों के लिए बड़ा सरप्राइज साबित हो सकता है.



अल्लू अर्जुन अपने किरदारों में पूरी तरह ढलने के लिए जाने जाते हैं. 'आर्या' में उनका रोमांटिक और चुलबुला अंदाज हो या 'पुष्पा' में उनका रफ एंड रॉ अवतार, अभिनेता ने हर भूमिका को अपनी अलग शैली दी है. यही वजह है कि एए23 में उनके नए लुक को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है.

निर्देशक लोकेश कनगराज भी अपनी फिल्मों में किरदारों की मजबूत प्रस्तुति और अलग सिनेमाई अंदाज के लिए पहचाने जाते हैं. उनकी फिल्मों में एक्शन, ड्रामा और किरदारों की खास दुनिया देखने को मिलती है.

# बंटवारा 1947 के प्रमोशन में सनी करेंगे खास लोगों का

**फिल्म** 'बंटवारा 1947' अपनी कहानी और विषय को लेकर रिलीज से पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच रही है. फिल्म के टीजर और पोस्टर के बाद जारी हुआ ट्रेलर अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है. ट्रेलर में वर्ष 1947 के बंटवारे की भयावह तस्वीर दिखाई गई है, जहां एक तरफ हिंसा, विस्थापन और अपनों से बिछड़ने का दर्द है, तो दूसरी तरफ ऐसे आम लोगों की कहानियां भी नजर आती हैं, जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में इंसानियत का दामन नहीं छोड़ा. फिल्म के ट्रेलर में इसी मानवीय पहलू ने दर्शकों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है.

फिल्म की टीम इन दिनों देशभर में प्रमोशनल सिटी टूर कर रही है. इसी दौरान 'बंटवारा 1947' से जुड़ी एक खास पहल की जानकारी सामने आई है. अभिनेता सनी देओल प्रमोशनल टूर के दौरान उन लोगों को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने समाज के लिए बेहतर और उल्लेखनीय काम किया है. फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, हर शहर में ऐसे लोगों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी से आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद की और समाज के प्रति अपने योगदान से मिसाल कायम की है.



इस पहल का उद्देश्य सिर्फ फिल्म का प्रचार करना नहीं, बल्कि फिल्म के मूल संदेश को वास्तविक जीवन से जोड़ना भी है. 'बंटवारा 1947' की कहानी में जिस साहस, करुणा और इंसानियत को प्रमुखता दी गई है, प्रमोशनल टूर के दौरान उन्हीं मूल्यों को अपने जीवन में उतारने वाले लोगों को सम्मान देकर सामने लाया जाएगा.

# टॉक्सिक में यश का दमदार अवतार आया सामने

**रॉकिंग** स्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' लगातार अपने रहस्यमयी अंदाज से दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रही है. फिल्म को लेकर अब तक जितने भी पोस्टर और टीजर सामने आए हैं, उनमें कहानी के अहम पहलुओं को छिपाकर रखा गया है.

इसी कड़ी में मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें यश के किरदार 'राया' की सिल्हूट नजर आ रही है. हाथ में टॉमी गन लिए राया का यह अंदाज फिल्म की दुनिया को लेकर कई सवाल खड़े करता है. नए पोस्टर में यश का चेहरा स्पष्ट रूप से नहीं दिखाया गया है. इसके बजाय उनके किरदार की परछाईं और हाथ में नजर आ रही टॉमी गन को प्रमुखता दी गई है.

यही रहस्य फिल्म के प्रचार अभियान की सबसे बड़ी खासियत बन गया है. पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर प्रशंसकों की प्रतिक्रियाएं आने लगीं और लोग राया के किरदार तथा उसकी कहानी को लेकर अलग-अलग अनुमान लगाने लगे.

मेकर्स ने शुरुआत से ही फिल्म की कहानी को लेकर सस्पेंस बनाए रखा है. पहले पोस्टर और टीजर के जरिए फिल्म की भव्य दुनिया की झलक तो दिखाई गई, लेकिन कहानी से जुड़े अहम सवालों के जवाब नहीं दिए गए. अब दर्शकों की नजर 08 अगस्त को रिलीज होने वाले ट्रेलर पर है. फिल्म का ट्रेलर



# टाइगर के साथ पहली बार नजर आएंगी नुसरत

## रेमो की फिल्म में होगा एक्शन का तड़का

**बॉलीवुड** में एक्शन फिल्मों का अपना अलग ही आकर्षण है और जब पर्दे पर टाइगर श्रॉफ जैसा अभिनेता हो तो दर्शकों की उम्मीदें और भी बढ़ जाती हैं। अब इन उम्मीदों को और मजबूत करने के लिए निर्देशक रेमो डिसूजा एक नई एक्शन एंटरटेनर लेकर आने की तैयारी में हैं. फिल्म की सबसे खास बात इसकी कास्टिंग बताई जा रही है.

टाइगर श्रॉफ के साथ इस फिल्म में नुसरत भरुचा पहली बार नजर आएंगी. दोनों कलाकारों की नई जोड़ी को लेकर अभी से चर्चा शुरू हो गई है. फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, नुसरत भरुचा को कहानी में बेहद अहम भूमिका के लिए चुना गया है. उनका किरदार सिर्फ टाइगर की लव इंटरेस्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने और कई महत्वपूर्ण घटनाओं को जोड़ने में उसकी बड़ी भूमिका होगी.



नुसरत का किरदार पारंपरिक बॉलीवुड हीरोइन की छवि से काफी अलग रखा गया है. इसमें भावनात्मक गहराई के साथ-साथ कहानी के लिहाज से कई महत्वपूर्ण पहलू देखने को मिल सकते हैं. हालांकि निर्माताओं ने अभी किरदार से जुड़ी ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन इतना जरूर सामने आया है कि नुसरत फिल्म की कहानी का अहम हिस्सा होंगी. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनका किरदार टाइगर के एक्शन से भरपूर सफर को किस तरह प्रभावित करता है.

# नानी की 'द पैराडाइज' का टीजर 6 अगस्त को होगा रिलीज

**साल** 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची में शामिल 'द पैराडाइज' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है. फिल्म की घोषणा के बाद से ही नानी और निर्देशक श्रीकांत ओडेला की जोड़ी को लेकर चर्चा बनी हुई है. अब मेकर्स ने इस इंतजार को एक और पड़ाव पर पहुंचाते हुए फिल्म के बहुप्रतीक्षित टीजर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है. 'द पैराडाइज' का टीजर 6 अगस्त को दर्शकों के सामने आएगा. टीजर की घोषणा के साथ ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर हलचल और तेज हो गई है. निर्देशक श्रीकांत ओडेला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टीजर की एक झलक साझा की और इसकी रिलीज डेट की जानकारी दी.

# मिहिर के राज के बदले नंदिनी को फंसाएगी त्रिप्ति

**क्योंकि** सास भी कभी बहू थी' की कहानी में त्रिप्ति एक बार फिर अपनी चालाकी से विरानियों के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी करने वाली है. अब तक परिवार को भीतर से कमजोर करने की कोशिश कर रही त्रिप्ति का अगला निशाना मिहिर बन गया है.




आने वाले एपिसोड में उसका असली मकसद सामने आने के साथ ही तुलसी के सामने ऐसा धर्मसंकट खड़ा होगा, जिसमें एक तरफ मिहिर की सच्चाई जानने की उसकी बेचैनी होगी और दूसरी तरफ नंदिनी को बचाने की जिम्मेदारी. त्रिप्ति बेहद रणनीतिक तरीके से शांति निकेतन में प्रवेश करती है. सिड और समायरा के रिश्ते के जरिए वह परिवार के और करीब पहुंच जाती है. परिवार में चल रहे भारी तनाव के बावजूद दोनों का रिश्ता तय हो जाता है और यह घटनाक्रम सीधे त्रिप्ति के फायदे में जाता है. शांति निकेतन में अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद त्रिप्ति की नजर परिवार के उस राज पर पड़ती है, जिसे गौतम और करण मिहिर से जुड़ा होने के कारण छिपाकर रखना चाहते हैं.



# 2107 असिस्टेंट प्रोफेसर पदों की परीक्षा

**उत्तर** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है. उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 2107 पदों पर होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सामान्य अध्ययन यानी जीएस का सिलेबस जारी कर दिया है.

आयोग की ओर से शनिवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया. सिलेबस जारी होने के बाद अभ्यर्थियों को अब परीक्षा की तैयारी को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी. आयोग के जनसंपर्क अधिकारी और उपसचिव डॉ. संजय सिंह ने बताया कि सामान्य अध्ययन का सिलेबस पिछली भर्ती परीक्षा के अनुरूप ही रखा गया है. इसमें किसी तरह का बदलाव या संशोधन नहीं किया गया है. लिखित परीक्षा में सामान्य अध्ययन के 30 प्रश्न पूछे जाएंगे और यह खंड सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा.



सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम को कई प्रमुख इकाइयों में बांटा गया है. सबसे पहले करंट अफेयर्स को शामिल किया गया है. इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख घटनाओं एवं मुद्दों के अलावा चर्चित व्यक्तित्व, खेल समाचार और विज्ञान के क्षेत्र में होने वाली नई रिसर्च से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं.

# पंजाब में मेडिकल ऑफिसर के 630 पदों पर भर्ती

**पंजाब** में सरकारी डॉक्टर बनने का सपना देख रहे एमबीबीएस उम्मीदवारों के लिए नौकरी का बड़ा अवसर सामने आया है. बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, फरीदकोट ने पंजाब सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत मेडिकल ऑफिसर के 630 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं.

आवेदन प्रक्रिया 16 जुलाई 2026 से शुरू हो चुकी है और पात्र उम्मीदवार 5 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऐसे में इच्छुक अभ्यर्थियों को अंतिम तारीख का इंतजार करने के बजाय जल्द आवेदन करने की सलाह दी जा रही है. भर्ती अभियान के जरिए कुल 630 पदों को भरा जाएगा. इनमें 540 नए पद हैं, जबकि 90 पद बैकलॉग के हैं. विभिन्न आरक्षित वर्गों के लिए नियमानुसार पद निर्धारित किए गए हैं.



भर्ती में महिलाओं के लिए भी लागू नियमों के अनुसार आरक्षण का प्रावधान है. मेडिकल ऑफिसर के पदों के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री होना जरूरी है. इसके साथ ही अभ्यर्थी का पंजाब मेडिकल काउंसिल या भारत की किसी अन्य मान्यता प्राप्त मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण होना चाहिए.

उम्मीदवार को मैट्रिक स्तर तक पंजाबी भाषा का ज्ञान भी होना आवश्यक है. हालांकि, जिन उम्मीदवारों के पास यह योग्यता नहीं है, वे नियुक्ति के बाद छह महीने के भीतर निर्धारित शर्त पूरी कर सकते हैं. सरकारी सेवा में पहले से कार्यरत उम्मीदवारों को आवेदन के समय नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी प्रस्तुत करना होगा. स्पोर्ट्स कोटा के तहत आवेदन करने वालों के पास पंजाब सरकार द्वारा जारी वैध स्पोर्ट्स ग्रेडेशन सर्टिफिकेट होना जरूरी है.

उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी 2026 के आधार पर निर्धारित होगी. सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम आयु 37 वर्ष है. एससी और बीसी वर्ग को 42 वर्ष, दिव्यांग उम्मीदवारों को 47 वर्ष, सरकारी कर्मचारियों को 45 वर्ष तथा विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को 40 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की गई है .चयनित अभ्यर्थियों को सातवें वेतन आयोग के तहत पे लेवल-9 में नियुक्ति दी जाएगी.




# एनएलसी इंडिया में 875 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती

**इंजीनियरिंग** और डिप्लोमा पास युवाओं के लिए सरकारी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी में प्रशिक्षण लेने का बड़ा अवसर सामने आया है. एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने अप्रेंटिसशिप के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती अभियान के जरिए कुल 875 अप्रेंटिस पदों को भरा जाएगा. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त 2026 शाम 5 बजे निर्धारित की गई है. इस भर्ती में अलग-अलग श्रेणियों के पद शामिल हैं. इनमें ट्रेड अप्रेंटिस के 352 पद, नॉन-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 221 पद, इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 214 पद और टेक्निशियन डिप्लोमा अप्रेंटिस के 88 पद शामिल हैं. इस तरह इंजीनियरिंग के साथ-साथ अन्य स्नातक और तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को भी अप्रेंटिसशिप का अवसर मिलेगा. अभ्यर्थियों के पास संबंधित ट्रेड या विषय में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता होना जरूरी है. इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए संबंधित विषय में बीई या बीटेक की डिग्री और टेक्निशियन अप्रेंटिस के लिए संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा होना आवश्यक है. विभिन्न ट्रेडों के लिए मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस समेत संबंधित विषयों की योग्यता मांगी गई है.

एनएलसी इंडिया की इस भर्ती में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा या इंटरव्यू के लिए उपस्थित नहीं होना होगा. चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाने वाली मेरिट सूची से किया जाएगा. यानी जिन अभ्यर्थियों के डिग्री या डिप्लोमा में बेहतर अंक होंगे, उनके चयन की संभावना अधिक रहेगी. चयनित उम्मीदवारों को अप्रेंटिसशिप के दौरान आकर्षक मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा.

# सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 36 हजार मौके

**सरकारी** नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण है। देश के अलग-अलग केंद्रीय और राज्य स्तरीय भर्ती बोर्डों ने हजारों पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किए हैं. इस सप्ताह जारी प्रमुख भर्तियों को देखें तो कुल रिक्तियों की संख्या 36 हजार से अधिक है. इनमें बैंकिंग, अंतरिक्ष अनुसंधान, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य और विधि विज्ञान प्रयोगशाला जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी के अवसर शामिल हैं.




खास बात यह है कि योग्यता के स्तर पर भी इन भर्तियों का दायरा काफी व्यापक है. बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की क्लर्क भर्ती 2026 इस सप्ताह की प्रमुख सरकारी नौकरियों में शामिल है. इसके तहत 11,400 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती में परीक्षा पैटर्न और राज्यवार रिक्तियों से संबंधित बदलाव भी किए गए हैं. बैंकिंग क्षेत्र में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह बड़ा अवसर है. राजस्थान में नगरीय निकायों के लिए 24,752 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है.

इस भर्ती की सबसे खास बात यह है कि इसके लिए उच्च शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं है. यानी कम पढ़े-लिखे उम्मीदवार भी निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने पर आवेदन कर सकते हैं. चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा के बजाय लॉटरी और प्रैक्टिकल परीक्षा का प्रावधान है.

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में भी युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अवसर मिल रहा है. 410 पदों में 220 ग्रेजुएट अप्रेंटिस, 120 तकनीशियन/डिप्लोमा अप्रेंटिस और 70 कमर्शियल प्रैक्टिस अप्रेंटिस के पद हैं. संबंधित विषय में बीई, बीटेक या डिप्लोमा करने वाले उम्मीदवार 28 अगस्त 2026 तक आवेदन कर सकते हैं. चयनित अभ्यर्थियों को 10,900 से 12,300 रुपए तक मासिक स्टाइपेंड मिलेगा. हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने 312 असिस्टेंट स्टाफ नर्स पदों पर भर्ती निकाली है.